राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

श्रीगणेश चतुर्थी पर्व

राज्यपाल की शुभकामनाएं

-

जयपुर, 21 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्रीगणेश चतुर्थी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ''यह पर्व बुद्धि, ज्ञान व संवाद का प्रतीक है। हमें आत्म विश्वास, ईमानदारी व निष्ठा के साथ मानवीय कर्त्तव्यों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए।''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि श्रीगणेश चतुर्थी के मौके पर अपने आस पास के ऐसे लोग जो गरीब है, जिनके पास इस कोरोना वैश्विक महामारी में खाने पीने की व्यवस्था नही है, उन लोगों को भोजन कराये।

राज्यपाल ने कहा कि हमें घर में रहकर ही पूजा पाठ करनी है। घर में पूजा पाठ के दौरान सोशल डिस्टेसिंग बनाकर रखनी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस मौके पर प्रदेशवासियों की खुशहाली और प्रदेश की सतत प्रगति की कामना की हैं।

— — —

देवरिया के विधायक श्री जन्मेजय सिंह के निधन पर
राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की संवेदना

जयपुर, 21 अगस्त। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उत्तर प्रदेश के देवरिया सदर से विधायक श्री जन्मेजय सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' श्री सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। श्री सिंह मेरे गहरे और अभिन्न सहयोगी थे। देवरिया संसदीय क्षेत्र से जब मैं सांसद था तब देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र को स्वर्गीय जन्मेजय सिंह ने संभाल रखा था। वे बेहद मेहनती थे। ''

श्री मिश्र ने कहा कि '' स्वर्गीय जन्मेजय सिंह का लोगों से जुड़ाव था। वे संवेदनशील व्यक्ति थे। देवरिया के लोगों के दुःख–दर्द के साथी जन्मेजय सिंह के निधन से हुई क्षति अपूरणीय है। ''

राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान
9829271189